दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरूवार 19 सितम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 349

## महत्वपूर्ण एवं खास

### फर्जी पासपोर्ट पर यात्रा करने वाले भारतीय को अमेरिका ने नहीं दिया प्रवेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने 28 वर्षीय भारतीय को देश में प्रवेश देने से इनकार कर दिया क्योंकि उसके पास जर्मनी का जो पासपोर्ट था वह जांच में फर्जी पाया गया। अमेरिका के सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) अधिकारियों ने सोमवार को वॉशिंगटन के डलेस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भारतीय नागरिक को रोक लिया था। सीबीपी के बयान के मुताबिक अधिकारियों ने युवक पर कोई आपराधिक आरोप नहीं लगाए हैं। निजता कानून के कारण उसका नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। भारतीय व्यक्ति घाना से आया था और जांच के दौरान उसने सीबीपी अधिकारी को अपना पासपोर्ट सौंपा था। अधिकारी को पासपोर्ट में विसंगतियां दिखीं। इसके साथ ही पासपोर्ट को लेकर संदेह पैदा हुआ और आखिर में युवक को देश में प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत

**बिहार (आरएनएस)।** बिहार के कई जिलों में मंगलवार को हुई तेज बारिश के दौरान वज्रपात से जहां 17 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 5 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इसके साथ ही कई मवेशियों के भी मरने की खबर है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने इस बात की पुष्टि की है। विभाग ने कहा कि कैमूर से 3-3, पटना, भोजपुर, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर और सिवान से 2-2 और कटिहार में एक की मौत की पुष्टि की है। दरअसल, कई जिलों में तेज हवा चलने के साथ ही कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। जानकारी के अनुसार, अकेले कैमूर जिले में सबसे अधिक 4 लोगों की मौत बिजली गिरने से हो गई। हालांकि प्रशासन ने 3 मौत की ही पुष्टि की है। वहीं, जिले में अलग-अलग जगहों पर गिरी आकाशीय बिजली के कारण पांच लोग झुलस गए। वहीं गया में 3 लोगों की मौत की खबर है। जबकि अरवल जिले में भी मूसलाधार बारिश के साथ कई जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं सामने आई है। पटना, भोजपुर, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर और सिवान से 2-2 और कटिहार में एक की मौत की पुष्टि की है। हालांकि जहानाबाद में वज्रपात से 2 लोगों की मौत हुई है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### भारतीय रेलवे द्वारा पूरे देश में बड़े पैमाने पर श्रमदान की शुरूआत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आयोजित श्रमदान में भाग लिया रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने रोलिंग स्टॉक सदस्य राजेश अग्रवाल, सदस्य यातायात पी.एस. मिश्रा, उत्तरी रेलवे के महाप्रबंधक टी.पी. सिंह तथा रेलवे बोर्ड के और उत्तरी रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आयोजित श्रमदान में हिस्सा लिया। स्वच्छता पखवाड़े के उपलक्ष्य में रेलवे ने पूरे भारतीय रेलवे परिसरों में बड़े पैमाने पर श्रमदान आयोजित किया। एसएनसीएफ जैसे चैरीटेबल संगठनों तथा अन्य संगठनों ने भी इस श्रम दान में भाग लिया।

### टेरर फंडिंग मामले में घूस लेने का आरोप, एनआईए के दो अफसर सस्पेंड

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** होम मिनिस्ट्री ने दिल्ली के एक कारोबारी से कथित तौर पर 2 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के लिए नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के दो अधिकारियों को तुरंत निलंबित करने का आदेश दिया है। इनमें से एक अधिकारी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसपी) स्तर का है। इन अधिकारियों पर मुंबई हमले की साजिश रचने वाले आतंकवादी सरगना हाफिज सईद से जुड़े एक टेरर फंडिंग मामले में कारोबारी का नाम शामिल न करने के लिए उनसे रिश्वत मांगने का आरोप है। ईटी ने पिछले महीने सबसे पहले यह रिपोर्ट दी थी कि एनआईए की इंटेलिजेंस और ऑपरेशन विंग के एक एसपी और दो जूनियर अधिकारियों पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा है।

## भारी जुर्माने के खिलाफ आज ट्रांसपोर्टरों की देशभर में हड़ताल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नए मोटर वीइकल ऐक्ट के तहत ट्रैफिक फाइन कई गुना बढ़ाए जाने के विरोध में कमर्शल वाहन मालिकों ने गुरुवार देशभर में हड़ताल का ऐलान किया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने केंद्र सरकार से ऐक्ट में हाल में किए गए बदलावों को वापस लेने की मांग की है और ट्रैफिक जुर्माने में कई गुना बढ़ोतरी के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए देशभर में 19 सितंबर को हड़ताल की घोषणा की है। उन्होंने निजी वाहनों के मालिकों, वैन और ऑटो रिक्शा ड्राइवरों से भी हड़ताल को समर्थन की अपील की है। हड़ताल को देखते हुए नोएडा के कुछ स्कूलों ने गुरुवार को 5वीं तक के छात्रों के लिए छुट्टी का ऐलान किया है।नोएडा ट्रांसपोर्ट असोसिएशन ने भी ट्रैफिक जुर्माना बढ़ाए जाने के खिलाफ गुरुवार को होने वाली हड़ताल में शामिल होने का ऐलान किया है। दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर में ट्रकों, बसों और अन्य कमर्शल वाहनों के मालिक पहले से ही नए मोटर वीइकल ऐक्ट का विरोध कर रहे हैं। हड़ताल में दिल्ली और एनसीआर की 49 ट्रांसपोर्ट यूनियन शामिल होंगी। दूसरी तरफ, हरियाणा में ट्रक मालिकों और ड्राइवरों ने बुधवार को दिल्ली तक विरोध मार्च निकालने का फैसला किया है।

<>नोएडा ट्रांसपोर्ट असोसिएशन के अध्यक्ष वेदपाल सिंह का दावा है कि उन्हें कम से कम 40,000 वाहन मालिकों का समर्थन हासिल है। हरियाणा में ट्रक मालिकों और ड्राइवरों ने बुधवार को हिसार से जींद और बहादुरगढ़ होते हुए दिल्ली तक विरोध मार्च निकालेंगे। यूनाइटेड फ्रंट ऑफ ट्रांसपोर्ट असोसिएशन ने मंगलवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन भी किया था। असोसिएशन का कहना है कि स्कूली बसों और ऑटो रिक्शा ड्राइवरों को भी हड़ताल में शामिल होने के लिए कहा गया है।

<>बता दें कि पिछले महीने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर 1 सितंबर से नए मोटर वीइकल ऐक्ट को लागू किया था। नए ऐक्ट में नियमों के उल्लंघन पर पहले के मुकाबले कई गुना जुर्माने का प्रावधान है। नया कानून लागू होने के बाद से देशभर से तगड़े ट्रैफिक जुर्माने की खबरें लगातार आ रही हैं। कहीं ट्रक का 1 लाख 41 हजार का चालान हो रहा है तो कहीं किसी स्कूटी का 23 हजार का चालान काटा जा रहा है।

## घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी बैट को सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब, ग्रेनेड से मार गिराया

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के हटने के बाद पाकिस्तान आतंकी साजिशों से बाज नहीं आ रहा है। अब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लांचिंग पैड से आतंकियों के घुसपैठ का नया वीडियो सामने आ रहा है। भारतीय फौज ने 12 और 13 सितंबर को बॉर्डर एक्शन टास्क (बैट) की कई घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है। बॉर्डर एक्शन टास्क (बैट) की ओर से घुसपैठ की कोशिश के दौरान पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) कमांडो और आतंकियों पर भारतीय सेना ने ग्रेनेड से हमला किया और उनकी कोशिशों को नाकाम कर दिया।

सेना की तरफ जारी बयान के मुताबिक, यह वीडियो 12-13 सितंबर की दरम्यानी रात का है, जिसमें देखा जा सकता है कि पाकिस्तान बैट किस तरह से हाजीपुर सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश कर रहा है। हालांकि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया और पाकिस्तानी बैट को वापस जाना पड़ा। गौरतलब है कि अगस्त में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से 15 बार घुसपैठ की कोशिश की गई है।

सीमा पार से उत्तरी कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों तथा जम्मू क्षेत्र के पुंछ और राजौरी इलाकों से घुसपैठ में वृद्धि हुई है।

## नई पैसेंजर ट्रेन हंसडीहा-पोड़ैयाहाट ब्रोडगेज लाइन पर चलेगी : गोयल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यह ट्रेन आर्थिक प्रगति और विकास के लिए झारखंड के क्षेत्रों को आपस में जोड़ेगी

रेलवे और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में झारखंड में दुमका और पोड़ैयाहाट के बीच नई पैसेंजर ट्रेन संख्या 53561/53562 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रवाना किया।

इस अवसर पर गोयल ने कहा कि भारतीय रेलवे बिरसामुंडा के जन्म स्थान झारखंड में रेलवे सेवाएं उपलब्ध कराकर आर्थिक प्रगति और विकास लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हंसडीहा-गोड्डा लाइन परियोजना का कार्य वर्ष 2017 में शुरू हुआ था और दो वर्षो के अंदर ही इस लाइन का आधा कार्य पूरा हो चुका है। बाकी कार्य भी 7-8 महीनों में पूरा होने की संभावना है। भारतीय रेलवे ने झारखंड राज्य में 50 नई ट्रेनें शुरू की हैं और 100 स्टेशनों पर कई ट्रेनों के स्टॉप बढ़ाए गए हैं। दुमका और पोड़ैयाहाट के बीच चलने वाली इस नई पैसेंजर सेवा से मार्ग में पड़ने वाले सभी स्टेशनों (न्यू मदनपुर, बारापलासी, नोनीहाट, कुरमहाट, हंसडीहा और गंगवारा) स्टेशनों को कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। नई रेल सेवा में 8 डिब्बे होंगे और यह ट्रेन सप्ताह में रविवार को छोड़कर 6 दिन उपलब्ध होगी। यह नई पैसेंजर ट्रेन जन प्रतिनिधियों और दुमका तथा गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की यात्री जनता की लम्बे समय से लंबित मांग पूरी होगी।

## अयोध्या मामले में सीजेआई ने तय की सुनवाई की डेडलाइन

**» 17 नवंबर तक तय हो जाएगा राम मंदिर बनेगा या नहीं**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले की उच्चतम न्यायालय में नियमित सुनवाई हो रही है। इस मुद्दे पर मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा है कि सभी को संयुक्त प्रयास करना होगा और पक्षकार समझौता कर अदालत को बताए। इस केस की सुनवाई 18 अक्टूबर तक पूरी होने की उम्मीद भी जताई। 27 सितंबर तक मुस्लिम पक्षकार अपनी बहस पूरी कर लेंगे। मुस्लिम पक्षकारों की तरफ से राजीव धवन ने कहा, अगले हफ़्ते तक हम अपनी बहस पूरी कर लेंगे। इस पर ष्टछ्वद्ब ने कहा, आप अपनी बहस इस महीने तक पूरी कर लेंगे। इस पर रामलला विराजमान ने कहा कि उन्हें जवाब देने के लिए 2 दिनों का वक्त चहिये। हमें उम्मीद है कि हम अयोध्या राम जन्मभूमि मामले में 18 अक्टूबर तक सुनवाई पूरी कर लेंगे। इसके लिए हम सभी को संयुक्त प्रयास करना होगा। इसके बाद जजमेंट लिखने के लिए जजों को चार हफ्तों का वक्त मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर पक्षकार इस मामले को मध्यस्थता समेत अन्य तरीके से सैटल करना चाहते हैं तो कर सकते हैं. पक्षकार समझौता कर अदालत को बताए।चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा, मध्यस्थता को लेकर पैनल का पत्र मिला। अगर पक्ष आपसी बातचीत कर मसले का समझौता करना चाहते है तो कर के कोर्ट के समक्ष रखे। मध्यस्थता कर सकते है। मध्यस्थता को लेकर गोपनीयता बनी रहेगी।



<>सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि इस दौरान सुनवाई चलती रहेगी। सुनवाई काफी आगे तक बढ़ चुकी है इसलिए सुनवाई भी चलेगी। यानी 17 नवंबर तक फैसला आएगा। बताते चले कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया रंजन गोगोई इसी दिन रिटायर भी होंगे।

## चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे गए शिवकुमार

**» मनी लॉन्ड्रिंग मामला**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यहां की एक अदालत ने धनशोधन मामले में कर्नाटक के पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डी.के. शिवकुमार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने शिवकुमार को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए प्रवर्तन निदेशालय को निर्देश दिया कि वह पहले कर्नाटक के पूर्व मंत्री को अस्पताल ले जाए और देखे कि वहां चिकित्सक भर्ती करने के बारे में क्या सुझाव देते हैं।

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत से शिवकुमार को पूछताछ के लिये न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग की थी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल(एएसजी) के.एम. नटराज ने अदालत से कहा कि पूछताछ अब तक पूरी नहीं हो सकी क्योंकि उनके स्वास्थ्य की स्थिति के चलते कारगर पूछताछ नहीं हो पाई।



नटराज ने अदालत से यह भी कहा कि धन शोधन शिवकुमार और उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों के जरिए हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शिवकुमार की ओर से पेश होते हुए अदालत में दलील दी कि कांग्रेस नेता की स्थिति बहुत गंभीर है और वह दिल का दौरा पड़ने के करीब पहुंच गये थे, इसलिए उन्हें जमानत दी जाए।

वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने अदालत से कहा कि यह जमानत देने का एक मामला है, अदालत शर्तें नहीं लगा सकती। नहीं तो, फिर शिवकुमार को मेडिकल जमानत देने पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि शिवकुमार को हिरासत में रखने का कोई आधार नहीं है, उनका कोई आपराधिक अतीत नहीं है।

हालांकि, ईडी ने कहा कि शिवकुमार की मेडिकल स्थिति का जांच एजेंसी ने ध्यान रखा और जमानत याचिका का विरोध किया। बहरहाल, अदालत ने शिवकुमार की जमानत याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए बुधवार का दिन निर्धारित किया है। उल्लेखनीय है कि शिवकुमार को ईडी ने धन शोधन के मामले में तीन सितंबर को गिरफ्तार किया था। हिरासत में पूछताछ की अवधि खत्म होने पर अदालत में उन्हें पेश किया गया।

## लौह अयस्क उत्पादन के 25 प्रतिशत को घरेलू बाजार में स्थानांतरित करने सेल को मिली अनुमति : प्रधान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** खान मंत्रालय ने सेल को अनुमति दे दी है कि वह पिछले वर्ष में लौह अयस्क के कुल उत्पादन के अधिकतम 25 प्रतिशत हिस्से को एक साल में ऑफलोड कर सकता है। इसके लिए जरूरी है कि जिन राज्यों में खान स्थित है, उन राज्य सरकारों की पूर्वानुमति ली जाए और पूरी प्रक्रिया का पालन किया जाए। यह अनुमति दो वर्षो की अवधि के लिए मान्य होगी। इसके तहत झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न खानों में उत्पादित लगभग सात मिलियन टन लौह अयस्क को सेल राज्य सरकारों की रजामंदी से घरेलू बाजार में खपा सकता है। इस कदम से सेल अपनी आवश्यकता पूरी करने के अलावा घरेलू बाजार में लौह अयस्क की कमी को आंशिक रूप से पूरी कर सकता है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के प्रयासों के तहत खान मंत्रालय ने यह आदेश जारी किया है।

खान मंत्रालय द्वारा अलग से एक आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत सेल को अब यह अनुमति प्राप्त हो गई है कि वह हल्के किस्म के 70 मिलियन टन वाले पुराने भंडार का निपटारा कर सके।

## रेल मंत्रालय ने लिया एलएचबी कोच वाली सभी गाड़ियों में एचओजी प्रणाली अपनाने का निर्णय

**» अब तक 342 गाड़ियों को एचओजी में परिवर्तित किया जा चुका है**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रेलगाड़ियों में वातानुकूलन और बिजली आपूर्ति की प्रणाली को बदला जाना है। इस नये प्रौद्योगिकी परिवर्तन से प्रतिवर्ष लगभग 1400 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

इस नई प्रौद्योगिकी को 'हैड ऑन जेनरेशन टेक्नोलॉजी' (एचओजी) कहा जाता है, जिसके तहत ओवरहैड बिजली आपूर्ति का इस्तेमाल किया जाएगा। शोर करने और धुआं निकालने वाले जेनरेटर कोचों का इस्तेमाल अब नहीं होगा। इनके स्थान पर अब एलएसएलआरडी (एलएचबी सेकेंड लगेज, गार्ड और दिव्यांग कम्पार्टमेंट) होंगे। इस एलएसएलआरडी में ओवरहैड बिजली सप्लाई को इस्तेमाल करने की क्षमता होगी, जिससे पूरी गाड़ी को बिजली मिलेगी। इसके अलावा इसमें लगेज गार्ड रूम और अतिरिक्त यात्रियों के लिए भी जगह होगी। इस समय 36 रुपये प्रति यूनिट बिजली खर्च आता है तथा एचओजी से यह खर्च 6 रुपये प्रति यूनिट हो जाएगा।

विवरण की जानकारी देते हुए रोलिंग स्टॉक सदस्य राजेश अग्रवाल ने कहा कि साल भर में सभी एलएचबी गाड़ियों को एचओजी प्रणाली में बदलने की योजना है। अब तक 342 गाड़ियों को एचओजी में बदला जा चुका है, जिसके कारण प्रति वर्ष लगभग 800 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। वर्ष 2017 में एलएचबी प्रौद्योगिकी को अपनाने का निर्णय किया गया था। इस निर्णय के बाद एचओजी परिवर्तन को अपनाने का काम अभियान स्तर पर शुरू किया गया। इसके तहत सभी कारों और कोचों की बिजली आपूर्ति प्रणाली में परिवर्तन किया गया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक नागरिक को विश्वास दिलाया है कि 21 वीं सदी भारत की होगी : शाह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज 46 वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय प्रबंधन संघ द्वारा किया गया था।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर शाह ने कहा कि यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने पिछले पांच वर्षो में प्रत्येक नागरिक को विश्वास दिलाया है कि 21 वीं सदी भारत की हो सकती है। शाह ने हैदराबाद में पुलिस कार्रवाई करने के अपने साहसिक निर्णय के लिए सरदार पटेल को भी याद किया जिसके कारण 1948 में इस दिन भारत के साथ राज्य का विलय हुआ।

शाह ने न्यू इंडिया- ग्रेट इंडिया विषय पर बोलते हुए कहा कि न्यू इंडिया का विज़न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक सुरक्षित, समृद्ध और प्रगतिशील भारत का विज़न है। उन्होंने कहा कि इस तरह के दृष्टिकोण को प्रबंधन के कुछ सबसे बुनियादी सिद्धांतों का पालन करके प्राप्त किया जा सकता है। लक्ष्यों और उद्देश्यों को सुनिश्चित करने के लिए विचारों और कार्यो में तालमेल रखना तथा सभी को साथ लेकर चलना आवश्यक है।

शाह ने कहा कि पिछले पांच साल भारत के लिए परिवर्तनकारी रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पिछले पांच वर्षो में मजबूत और निर्णायक नेतृत्व प्रदान किया और विकास और सावधानीपूर्वक निष्पादन के माध्यम से राष्ट्रीय विकास के उद्देश्यों को निर्धारित किया। शाह ने सरकार के पहले कार्यकाल में जीएसटी, विमुद्रीकरण, सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट हवाई हमले और जन धन योजना जैसे साहसिक फैसलों की बात की और दूसरे कार्यकाल में ट्रिपल तालाक के निरस्तीकरण के साथ ही धारा 370 को निरस्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर अभूतपूर्व सुधार में शुरुआती समस्याएं होती हैं और ऐसे फैसलों का फल लेने के लिए लोगों को धैर्य रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार हमेशा लोगों और राष्ट्र के लिए बेहतरीन परिणाम को ध्यान में रखते हुए फैसले लेती है।

शाह ने कहा कि सरकार ने समाज के सभी वर्गो के लिए काम किया है और सामाजिक विकास और विभिन्न क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित किया है।

शाह ने कहा कि सरकार ने पिछले पांच वर्षो में 8 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन, 2.5 करोड़ लोगों को आवास, 2.5 करोड़ लोगों को बिजली, 8 करोड़ लोगों को शौचालय और 50 करोड़ लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान की है। शाह ने कहा कि यह पहली सरकार थी जिसने यह साबित किया कि यह गरीब और सुधार दोनों के लिये काम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ एक इंच भी समझौता नहीं करेगी।